उदयाणुयोगद्दारं १०

पणमिय संतिजिणिंदं घाइयणिस्सेसदोससंघायं ।
उदयाणुयोगदारं किंचि समासेण वण्णेहं ।। १ ।।

एत्तो उदओ कायव्वो– णामादिउदएसु एत्थ केण उदएण पयदं ? णोआगमदो कम्मदव्वउदएण पयदं । सो कम्मदव्वुदओ चउविहो । तं जहा– पयडिउदओ ट्ठिदिउदओ अणुभागउदओ पदेसउदओ चेदि । तत्थ पयडिउदओ दुविहो मूलपयडिउदओ उत्तरपयडिउदओ चेदि । मूलपयडिउदओ चिंतिय वत्तव्वो । उत्तरपयडिउदए पयदं । तत्थ सामित्तं । तं जहा– पंचणाणावरणीय-चउदंसणावरणीय-पंचंतराइयाणं को वेदओ ? सव्वो छदुमत्थो । पंचण्णं दंसणावरणीयाणं को वेदओ? सरीरपज्जत्तीए दुसमयपज्जत्तमादिं कादूण उवरिमो अण्णदरो तप्पाओग्गो वेदओ । णवरि थीणगिद्धितियस्स देव-णेरइय-अप्पमत्तसंजदा आहारसरीरमुट्ठावियपमत्तसंजदा च अवेदया । अण्णेसिमुवदेसेण एदे पुव्वुत्ता अवेदया होदूण असंखेज्जवस्साउआ च उत्तरविउव्विद-तिरिक्ख-मणुस्सा च अवेदया । सादासादाणमण्णदरो संसारत्थो तप्पाओग्गो वेदओ ।

मिच्छत्तं सव्वो मिच्छाइट्ठी वेदयदि, सम्मामिच्छत्तं सव्वसम्मामिच्छाइट्ठी सम्मत्तं

समस्त दोषसंघातको नष्ट कर देनेवाले शांति जिनेन्द्रको नमस्कार करके मैं कुछ संक्षेपसे उदयानुयोगद्वारका वर्णन करता हूं ।। १ ।।

यहां उदयकी प्ररूपणा की जाती है-- नामउदयादिकोंमें यहां कौनसा उदय प्रकृत है ? यहां नोआगमकर्मद्रव्यउदय प्रकृत है । वह कर्मद्रव्यउदय चार प्रकारका है । यथा--प्रकृतिउदय, स्थितिउदय, अनुभागउदय और प्रदेशउदय । उनमें प्रकृतिउदय दो प्रकार है--मूलप्रकृतिउदय और उत्तरप्रकृतिउदय । मूलप्रकृतिउदयका कथन विचार कर करना चाहिये । उत्तरप्रकृतिउदय प्रकृत है । उसमें स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है । यथा--पांच ज्ञानावरण, चक्षु आदि चार दर्शनावरण, और पांच अन्तरायका वेदक कौन होता है ? इनके वेदक सभी छद्मस्थ जीव होते हैं । निद्रा आदि पांच दर्शनावरण प्रकृतियोंका वेदक कौन होता है ? शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त होनेके द्वितीय समयवर्तीको आदि करके आगेका कोई भी तत्प्रायोग्य जीव उनका वेदक होता है । विशेष इतना है कि देव, नारकी, अप्रमत्तसंयत तथा आहारकशरीरको उत्पन्न करनेवाले प्रमत्तसंयत भी स्त्यानगृद्धित्रिकके अवेदक होते हैं । अन्य आचार्योंके उपदेशके अनुसार ये पूर्वोक्त जीव स्त्यानगृद्धित्रिकके अवेदक होते हैं, इनके अतिरिक्त असंख्यातवर्षायुष्क तथा उत्तर शरीरकी विक्रिया करनेवाले तिर्यंच व मनुष्य भी उसके अवदक होते हैं । साता व असाता वेदनींयका वेदक तत्प्रायोग्य अन्यतर संसारी जीव होता है ।

मिथ्यात्वका वेदन सब ही मिथ्यादृष्टि जीव करते हैं । सम्यग्मिथ्यात्वका वेदन सब

वेदयसम्माइट्ठी सव्वो। अणंताणुबंधीणं मिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठी वा वेदओ। अपच्चक्खाणकसायाणं असंजदो वेदओ। पच्चक्खाणवरणीयस्स को वेदओ ? असंजदो संजदासंजदो वा वेदओ। तिण्णं संजलणाणं अप्पप्पणो बंधज्झवसाणेसु वट्टमाणओ। लोहसंजलणाए को वेदओ ? अण्णदरो सकसाओ। छण्णं णोकसायाणं को वेदओ ? अण्णदरो णियट्टिम्हि✪ वट्टमाणगो। णवरि पढमसमयदेवो णियमा साद-हस्स-रदीणं वेदगो। पढमसमयणेरइओ णियमा असाद-अरदि-सोगाणं वेदओ। पुरिसवेदं पुरिसो, इत्थिवेदमित्थी, णवुंसयवेदं णवुंसओ वेदेदि।

मणुसाउअं सव्वो मणुस्सो, णिरयाउअं सव्वो णेरइओ, तिरिक्खाउअं सव्वो तिरिक्खो, देवाउअं सव्वो देवो वेदेदि।

मणुसगइं मणुस्सो, णिरयगइं णेरइओ, तिरिक्खगइं तिरिक्खो, देवगइं देवो वेदेदि। जादिणामाणं गदिभंगो। ओरालियसरीरस्स को वेदगो ? ओरालियसरीरो सजोगो। ओरालियसरीरबंधण-संघादाणं ओरालिलयसरीरभंगो। ओरालियसरीरअंगो-वंग-वेउव्विय-आहारसरीर-तदंगोवंग-बंधण-संघादाणं को वेदगो ? सत्थाणे आहारओ।

सम्यग्मिथ्यादृष्टि और सम्यक्त्वका वेदन सब वेदकसम्यग्दृष्टि करते हैं। अनन्तानुबन्धी कषायोंका वेदक मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि होता है। अप्रत्याख्यानावरण कषायोंका वेदक असंयत होता है। प्रत्याख्यानावरणका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक असंयत और संयतासंयत होता है। तीन संज्वलन कषायोंका वेदक अपने अपने बन्धाध्यवसानोंमें वर्तमान जीव होता है। संज्वलनलोभका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक अन्यतर सकषाय जीव होता है। छह नोकषायोंका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक निवृत्ति अवस्थामें वर्तमान (मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरण तक) अन्यतर जीव होता है। विशेष इतना है कि प्रथम समयवर्ती देव नियमसे सातावेदनीय, हास्य और रतिका वेदक होता है। प्रथम समयवर्ती नारकी नियमसे असातावेदनीय, अरति और शोकका वेदक होता है। पुरुषवेदका वेदन पुरुष, स्त्रीवेदका वेदन स्त्री, और नपुंसकवेदका वेदन नपुंसक करता है।

मनुष्यायुका वेदन सब मनुष्य, नारकायुका वेदन सब नारकी, तिर्यगायुका वेदन सब तिर्यंच और देवायुका वेदन सब देव करते हैं।

मनुष्यगनिका वेदन मनुष्य, नरकगतिका वेदन नारकी, तिर्यग्गतिका वेदन तिर्यंच और देवगतिका वेदन देव करता है। जाति नामकर्मोंके उदयकी प्ररूपणा गतिनामकर्मोंके समान है। औदारिकशरीरका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक औदारिकशरीरसे संयुक्त सयोग जीव होता है। औदारिकशरीरबन्धन और संघातके उदयकी प्ररूपणा औदारिकशरीरके समान है। औदारिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, इन दोनोंके अंगोपांग, बन्धन और संघातका वेदक कौन होता है ? इनका वेदक स्वस्थानमें वर्तमान आहारक जीव होता है। तैजस और

✪ अ-ताप्रत्योः 'अणियट्टिम्हि' इति पाठः।

तेजा-कम्मइय-तप्पाओग्गबंधण-संघादाणं-को वेदओ ? सव्वो सजोगो ।

छण्णं संठाणाणं को वेदओ ? आहारओ* सजोगो । छण्णं संघडणाणं को वेदओ ? जो जेण आहारओ सो णियमा वेदओ । वण्ण-गंध-रस-फासाणं को वेदओ ? सव्वो सजोगो । तिण्णमाणुपुव्वीणं को वेदओ ? पढमसमयतब्भवत्थो बिदियसमय-तब्भवत्थो वा । तिरिक्खाणुपुव्वीए वेदओ को होदि ? पढमसमय-दुसमय-तिसमय-तब्भवत्थो वा । अगुरुअलहुअ-थिराथिर-सुहासुह-णिमिणणामाणं को वेदओ ? सव्वो सजोगो ।

उवघादस्स को वेदओ ? आहारओ । परघादस्स को वेदओ ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो सजोगो । आदावुज्जोवाणं को वेदओ ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो तप्पा-ओग्गो । उस्सासस्स आणापाणपज्जत्तीए पज्जत्तयदो जाव चरिमसमयउस्सासणिरोहका-रओ त्ति ताव वेदओ। पसत्थापसत्थविहायगईणं को वेदगो? तसो सरीरपज्जत्तीए पज्जत्त-यदो सजोगो। तस-बादर-पज्जत्तणामाणं को वेदओ? सजोगो अजोगो वा। पत्तेयसरीरस्स को वेदओ ? आहारओ । थावर-सुहुम-अपज्जत्तणामाणं को वेदओ ? थावर-सुहुम-

---

कार्मण शरीर तथा तत्प्रायोग्य बन्धन व संघातका वेदक कौन होता है ? इनके वेदक सभी सयोग प्राणी होते हैं ।

छह संस्थानोंका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक योगसहित आहारक जीव होता है । छह संहननोंका वेदक कौन होता है ? जो जिस संहननसे आहारक है वह नियमसे उसका वेदक होता है । वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्शका वेदक कौन होता है ? उनके वेदक योग सहित सब जीव होते हैं । तीन आनुपूर्वी नामकर्मोंका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ अथवा द्वितीय समयवर्ती तद्भवस्थ जीव होता है । तिर्यगानुपूर्वीका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक प्रथम समयवर्ती, द्वितीय समयवर्ती अथवा तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ जीव होता है । अगुरुलघु, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और निर्माण नामकर्मोंका वेदक कौन होता है ? इनके वेदक सब योग सहित प्राणी होते हैं ।

उपघातका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक आहारक जीव होता है । परघातका वेदक कौन होता है ? उसका वेदक शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ सयोग प्राणी होता है । आतप और उद्योतका वेदक कौन होता है ? उनका वेदक शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ तत्प्रायोग्य जीव होता है। उच्छ्वासका वेदक आनप्राणपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ जीव जब तक चरम समयवर्ती उच्छ्-वासनिरोधकारक है तब तक होता है। प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगतियोंका वेदक कौन होता है? उनका वेदक शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ योगसे संयुक्त त्रस जीव है। त्रस, बादर और पर्याप्त नाम-कर्मोंका वेदक कौन है? उनका वेदक योगसे सहित और उससे रहित भी जीव होता है। प्रत्येक-शरीरका वेदक कौन है ? उसका वेदक आहारक जीव होता है। स्थावर, सूक्ष्म और अपर्याप्त नामकर्मोंका वेदक कौन होता है ? उनके वेदक क्रमशः स्थावर, सूक्ष्म और अपर्याप्त

---

* ताप्रतौ 'आहारो' इति पाठः ।

अपज्जत्तया। साहारणसरीरस्स को वेदओ? आहारओ। जसकित्ति♣-सुभग-आदेज्जाणं को वेदओ ? सजोगो अजोगो वा। अजसकित्ति-दुभग अणादेज्जाणं को वेदओ ? अगुणपडिवण्णो अण्णदरो तप्पाओग्गो। तित्थयरणामाए को वेदओ ? सजोगो अजोगो वा। उच्चागोदस्स तित्थयरभंगो। णीचागोदस्स अणादेज्जभंगो। सुस्सर-दुस्सराणं को वेदओ ? भासापज्जत्तीए पज्जत्तयदो जाव भासाणिरोहस्स अकारओ त्ति। एवं सामित्तं समत्तं।

एगजीवेण कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो त्ति एदाणि अणुयोगद्दाराणि सामित्तादो साहेदूण वत्तव्वाणि। एत्तो अप्पाबहुअं पि जहा पयडिउदीरणाए कदं तहा कायव्वं। णवरि णाणत्तं–मणुसगइणामाए मणुस्साउअस्स च तुल्ला वेदया। एवं सेसाणं पि गदि-आउआणं च। पवाइज्जंतेण उवएसेण हस्स-रदिवेदएहिंतो सादवेदया जीवा विसेसा०। केत्तियमेत्तेण? संखेज्जजीवमेत्तेण। अण्णेण✡ उवएसेण सादवेदएहिंतो हस्स-रदिवेदया विसेसा० असंखे० भागमेत्तेण। जुत्तीए च विसेसाहियत्तं णव्वदे। तं जहा––सव्वो आउअघादओ णियमा जेण असाद-वेदओ हस्स-रदीसु भज्जो तेण सादवेदएहिंतो हस्स-रदिवेदया असंखेज्जा❋ भागा

जीव होते हैं। साधारणशरीरका वेदक कौन होता है? उसका वेदक आहारक जीव होता है। यशकीर्ति, सुभग और आदेयका वेदक कौन होता है? इनका वेदक योग सहित और उससे रहित भी जीव होता है। अयशकीर्ति, दुर्भग और अनादेयका वेदक कौन होता है? उनका वेदक गुणप्रतिपन्नसे भिन्न तत्प्रायोग्य अन्यतर जीव होता है। तीर्थंकर नामकर्मका वेदक कौन होता है? उसका वेदक सयोग व अयोग जीव होता है। उच्चगोत्रके उदयका कथन तीर्थंकर प्रकृतिके समान है। नीचगोत्रके उदयका कथन अनादेयके समान है। सुस्वर और दुस्वरका वेदक कौन होता है? उनका वेदक भाषापर्याप्तिसे पर्याप्त हुआ जीव जब तक भाषाके निरोधको नहीं करता तब तक होता है। इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ।

एक जीवकी अपेक्षा काल, अन्तर तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय; काल, अन्तर और संनिवर्ष; इन अनुयोगद्वारोंका कथन स्वामित्वसे सिद्ध करके करना चाहिये। अल्पबहुत्व भी जैसे प्रकृतिउदीरणामें किया गया है वैसे ही उसे यहां भी करना चाहिये। परंतु यहां इतनी विशेषता है– मनुष्यगति नामकर्म और मनुष्यायुके वेदकोंकी संख्या समान है। इसी प्रकार शेष भी गतिनामकर्मों और आयु कर्मोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। परस्पराप्राप्त उपदेशके अनुसार हास्य और रतिके वेदकोंसे सातावेदनीयके वेदक जीव विशेष अधिक हैं। कितने मात्रसे वे विशेष अधिक हैं? संख्यात जीव मात्रसे विशेष अधिक हैं। अन्य उपदेशके अनुसार सातावेदनीयके वेदकोंकी अपेक्षा हास्य व रतिके वेदक असंख्यातवें भाग मात्रसे विशेष अधिक हैं। इनकी विशेषाधिकता युक्तिसे भी जानी जाती है। यथा– आयुके घातक सब जीव नियमसे असाता वेदक होकर भी चूंकि हास्य व रतिके वेदनमें भजनीय हैं इसीलिए सातावेदकोंकी

♣ प्रतिषु 'अजसकित्ति-' इति पाठः। ✡ अ-काप्रत्योः 'अणेण' इति पाठः।
❋ काप्रतौ 'असंखेज्जदि' इति पाठः।

विसेसा० । अरदि-सोगवेदया थोवा । असादवेदया विसे० । के० मेत्तेण ? पवाइज्जंतेण उवदेसेण संखेज्जजीवमेत्तेण विसे० । अण्णेण* उवदेसेण असंखे० भागमेत्तेण विसे० । एदाणि पयडिउदीरणअप्पाबहुआदो पयडिउदयअप्पाबहुअस्स णाणत्ताणि✪ । भुजगार-पदणिक्खेव♣-वड्ढीओ णत्थि । जहा पयडिट्ठाणउदीरणा तहा पयडिट्ठाणउदओ वि कायव्वो । एवं पयडिउदओ समत्तो ।

एत्तो ट्ठिदिउदओ दुविहो मूलपयडिट्ठिदिउदओ उत्तरपयडिट्ठिदिउदओ चेदि । मूलपयडिट्ठिदिउदए अट्ठपदं--उदओ दुविहो पओअसा ट्ठिदिक्खएण चेदि । ट्ठिदिक्खओ उदओ▣ सुगमो । जो सो पओअसा उदओ सो दुविहो संपत्तीदो सेचीयादो च । संपत्तीदो✿ एगा ट्ठिदी उदिण्णा, संपहि उदिण्णपरमाणूणमेगसमयावट्ठाणं मोत्तूण दुसमयादिअवट्ठाणंतराणुवलंभादो । सेचीयादो अणेगाओ ट्ठिदीओ उदिण्णाओ, एण्हि जं पदेसग्गं उदिण्णं तस्स दव्वट्ठियणयं पडुच्च पुव्विल्लभावोवयारसंभवादो । एदेण अट्ठपदेण ट्ठिदिउदयपमाणाणुगमो चउव्विहो उक्कस्सो अणुक्कस्सो जहण्णो अजहण्णो चेदि । णाणावरणस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिउदओ तीसं सागरोवमकोडाकोडीओ दोहि आवलियाहि समऊणाहि ऊणाओ । दंसणावरण-वेयणीय-अंतराइयाणं णाणा-

---

अपेक्षा हास्य व रतिके वेदक असंख्यातवें भागसे विशेष अधिक हैं । अरति व शोकके वेदक स्तोक हैं । उनसे असातावेदनीयके वेदक विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे वे अधिक हैं ? पारम्परित उपदेशके अनुसार वे संख्यात जीव मात्रसे विशेष अधिक हैं । अन्य उपदेशके अनुसार वे असंख्यातवें भाग मात्रसे विशेष अधिक हैं । प्रकृतिउदीरणा सम्बन्धी अल्पबहुत्वसे प्रकृतिउदय सम्बन्धी अल्पबहुत्वमें ये ही कुछ विशेषतायें हैं । भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि यहां नहीं हैं । जैसे प्रकृतिस्थानउदीरणा की गयी है वैसे ही प्रकृतिस्थानउदयको भी करना चाहिये । इस प्रकार प्रकृतिउदय समाप्त हुआ ।

यहां स्थितिउदय दो प्रकारका है—मूलप्रकृतिस्थितिउदय और उत्तरप्रकृतिस्थितिउदय । मूलप्रकृतिस्थितिउदयके विषयमें अर्थपद—प्रयोगजनित और स्थितिक्षयजनितके भेदसे उदय दो प्रकारका है । उनमें स्थितिक्षयजनित उदय सुगम है । जो वह प्रयोगजनित उदय है वह दो प्रकारका है—संप्राप्तिजनित और निषेकजनित । संप्राप्तिकी अपेक्षा एक स्थिति उदीर्ण होती है, क्योंकि, इस समय उदयप्राप्त परमाणुओंके एक समय रूप अवस्थानको छोड़कर दो समय आदि रूप अवस्थानांतर पाया नहीं जाता । निषेककी अपेक्षा अनेक स्थितियां उदीर्ण होती हैं, क्योंकि, इस समय जो प्रदेशाग्र उदीर्ण हुआ है उसके द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा पूर्वीयभावके उपचारकी सम्भावना है । इस अर्थदपके अनुसार स्थितिउदयप्रमाणानुगम चार प्रकार है—उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य । ज्ञानावरणका उत्कृष्ट स्थितिउदय एक समय कम दो आवलियोंसे हीन तीस कोड़ाकोडि सागरोपम प्रमाण है । दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायके स्थितिउदयका प्रमाण ज्ञानावरणके

---

* अ-काप्रत्योः 'अणेग' इति पाठः । ✪ प्रतिषु 'णाणत्ताणं' इति पाठः । ♣ अ-काप्रत्योः 'णिक्खेवो' इति पाठः । ▣ अ-काप्रत्योः 'चे ट्ठिदिक्खओदओ' इति पाठः । ✿ ताप्रतौ 'संपत्ती' इति पाठः ।

वरणीयभंगो । मोहणीयस्स सत्तरिसागरोवमकोडाकोडीओ दोहि आवलियाहि सम✿- ऊणाहि ऊणाओ । आउअस्स तेत्तीसं सागरोवमाणि समऊणाए आवलियाए ऊणाणि । णामा-गोदाणं वीसं सागरोवमकोडाकोडीओ बेहि आवलियाहि समऊणाहि ऊणाओ ।

जहण्ण✿ट्ठिदिउदयपमाणाणुगमो । तं जहा– अट्ठण्णं पि ⚲ मूलपयडीणं जहण्णओ ट्ठिदिउदओ एगा ट्ठिदी । एत्तो सामित्तं । तं जहा– उक्कस्सट्ठिदिउदयसामित्तं जहा उक्कस्सट्ठिदिउदीरणाए परूविदं तहा परूवेयव्वं । जहण्णट्ठिदिउद० सामी✻ उच्चदे– णाणावरणीय-दंसणावरणीय-अंतराइयाणं जहण्णट्ठिदिउदओ कस्स ? चरिमसमय-छदुमत्थमादिं कादूण जाव आवलियचरिमसमयछदुमत्थो त्ति । मोहणीयस्स जहण्ण-ट्ठिदिउदओ✱ कस्स ? चरिमसमयसकसायस्स, तमादिं काऊण जाव आवलियचरिम-समयसकसाओ त्ति । णामा-गोदाणं जहण्णट्ठिदिउदओ कस्स ? पढमसमयअजोगिस्स, तमादिं कादूण जाव चरिमसमयभवसिद्धिओ त्ति । आउअ-वेदणीयाणं जहण्णट्ठिदिउदओ कस्स ? पढमसमयअप्पमत्तस्स, तमादिं कादूण जाव चरिमसमयभवसिद्धिओ त्ति । आउअस्स अण्णो वि जहण्णट्ठिदिउदओ अत्थि जस्स आउअमुदयावलियं पविट्ठं ।

समान है । मोहनीयका उत्कृष्ट स्थितिउदय एक समय कम दो आवलियोंसे हीन सत्तर कोडाकोडि सागरोपम प्रमाण है । आयुका उत्कृष्ट स्थितिउदय एक समय कम एक आवलीसे हीन तेतीस सागरोपम प्रमाण है । नाम व गोत्रका उत्कृष्ट स्थितिउदय एक समय दो आवलियोंसे हीन बीस कोडाकोडि सागरोपम मात्र है ।

जघन्य स्थितिउदयके प्रमाणानुगमका कथन करते हैं । यथा– आठों ही मूल प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिउदयका प्रमाण एक स्थिति है । अब यहां स्वामित्वकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है– उत्कृष्ट स्थितिउदयके स्वामित्वकी प्ररूपणा जैसे उत्कृष्ट स्थितिउदीरणामें की गयी है वैसे ही यहां भी करना चाहिये । जघन्य स्थितिउदयके स्वामित्वका कथन करते हैं–– ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायका जघन्य स्थितिउदय किसके होता है ? वह अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थको आदि लेकर जिसके अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ होनेमें आवली मात्र काल तक शेष है उसके होता है । मोहनीयका जघन्य स्थितिउदय किसके होता है ? वह अंतिम समयवर्ती सकषाय जीवके तथा उसको आदि लेकर जिसके चरम समयवर्ती सकषाय होनेमें आवली मात्र काल तक शेष है उसके होता है । नाम व गोत्रका जघन्य स्थितिउदय किसके होता है ? वह प्रथम समयवर्ती अयोगीके तथा उसको आदि करके चरम समयवर्ती भव्यसिद्धिक तकके होता है । आयु और वेदनीयका जघन्य स्थितिउदय किसके होता है ? वह प्रथम समयवर्ती अप्रमत्तके तथा उसको आदि करके चरम समयवर्ती भव्यसिद्धिक तकके होता है । आयुका अन्य भी जघन्य स्थितिउदय उसके होता है जिसका आयु कर्म उदयावलीमें प्रविष्ट है ।

✿ ताप्रतौ (सम) इति पाठः । ✿ ' एत्तो सामित्तं ' इत्यतः प्राक्तनोऽयं पाठस्ताप्रतौ नास्ति ।
⚲ अप्रतौ ' अट्ठं पि ' इति पाठः । ✻ अ-का-प्रत्योः ' -ट्ठिदिउदओ सामी० ' इति पाठः ।
✱ ताप्रतौ ' -ट्ठिदि (ओ) उदओ ' इति पाठः ।

एयजीवेण कालो । तं जहा– जहा उक्कस्सट्ठिदिउदीरणाकालो परूविदो तहा उक्कस्सट्ठिदिउदयकालो वि परूवेयव्वो । जहण्णट्ठिदिउदओ । तं जहा– णामा-गोद-वेदणिज्जाणं जहण्णट्ठिदिउदओ♠ केवचिरं० ? जहण्णुक्क०▣ अंतोमुहुत्तं । णवरि वेयणीय० जह० एयसमओ, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा । आउअस्स जह० ट्ठिदिउदओ केव० ? जह० एगावलिया, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा । चदुण्णं पि घाइकम्माणं जह० केवचिरं०? जहण्णुक्क० आवलिया✳। सत्तण्णं कम्माणमजहण्णट्ठिदिउदयकालो अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो । मोहणीयं वेयणीयं च पडुच्च सादिओ सपज्जवसिदो । तस्स जो सो सादिओ सपज्जवसिदो❋ तस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। आउअस्स अजहण्णट्ठिदिवेदयकालो जह० अंतोमुहुत्तमेगसमओ वा, उक्क० तेत्तीससागरोवमाणि आवलियूणाणि ।

एयजीवेण अंतरं । तं जहा– जहा✪ उक्कस्सट्ठिदिउदीरयंतरं परूवियं तहा उक्कस्सट्ठिदिवेदयंतरं परूवेयव्वं। आउअस्स जहण्णट्ठिदिवेदयंतरं जह० खुद्दाभवग्गहणं आवलियूणं एगसमओ वा, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि आवलियूणाणि । पंचण्णं कम्माणं जहण्णट्ठिदिवेदयंतरं णत्थि । मोहणीय-वेदणीयाणं जहण्णट्ठिदिवेदयंतरं जह०

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा करते हैं । यथा– जैसे उत्कृष्ट स्थितिउदीरणाके कालकी प्ररूपणा की गयी है वैसे ही उत्कृष्ट स्थितिउदयके कालकी भी प्ररूपणा करना चाहिये । जघन्य स्थितिउदयकी प्ररूपणा की जाती है । यथा– नाम, गोत्र और वेदनीयका जघन्य स्थिति-उदय कितने काल रहता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त रहता है । विशेष इतना है कि वेदनीयके जघन्य स्थितिउदयका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे कुछ कम पूर्वकोटि मात्र है । आयुकर्मका जघन्य स्थितिउदय कितने काल रहता है ? वह जघन्यसे एक आवली और उत्कर्षसे कुछ कम पूर्वकोटि मात्र रहता है । चारों ही घातिया कर्मोंका जघन्य स्थितिउदय कितने काल रहता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक आवली मात्र रहता है । सात कर्मोंके अजघन्य स्थितिउदयका काल अनादि-अपर्यवसित व अनादि-सपर्यवसित है । मोहनीय व वेदनीयकी अपेक्षा वह सादि-सपर्यवसित है । उसका जो सादि-सपर्यवसित काल है उसका प्रमाण जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । आयुकी अजघन्य स्थितिका वेदककाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त अथवा एक समय और उत्कर्षसे आवली कम तेतीस सागरोपम मात्र है ।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तरका कथन करते हैं । यथा– जिस प्रकार उत्कृष्ट स्थितिउदीरकके अन्तरकी प्ररूपणा की गयी है उसी प्रकार उत्कृष्ट स्थितिवेदकके अन्तरकी भी प्ररूपणा करना चाहिये । आयुकर्मके जघन्य स्थितिवेदकका अन्तर जघन्यसे आवली कम क्षुद्रभवग्रहण अथवा एक समय और उत्कर्षसे आवली कम तेतीस सागरोपम मात्र होता है । पांच कर्मोंके जघन्य स्थितिवेदकका अन्तर नहीं होता । मोहनीय और वेदनीयके जघन्य स्थितिवेदकका अंतर जघन्य–

♠ प्रतिषु '-ट्ठिदिउदीरओ' इति पाठः । ▣ प्रतिषु 'अणुक्क०' इति पाठः । ✳ अप्रतौ 'आवलियाए', काप्रतौ 'आवलिया०' इति पाठः । ❋ अ-काप्रत्योः 'तस्स जो सो सादिओ सपज्जवसिदो' इत्येतावान् पाठो नोपलभ्यते । ✪ ताप्रतौ नोपलभ्यते पदमिदम् ।

अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो त्ति एदाणि अणुयोगद्दाराणि जहा उक्कस्सट्ठिदिउदीरणाए✿ कदाणि तहा उक्कस्सट्ठिदिउदए कादव्वाणि। एदाणि चेव जहण्णट्ठिदिउदए वत्तइस्सामो। तं जहा-भंगविचए ताव अट्ठपदं। जो जहण्णट्ठिदीए वेदओ सो अजहण्णट्ठिदीए णियमा अवेदओ, जो अजहण्णट्ठिदीए वेदगो सो जहण्णट्ठिदीए णियमा अवेदओ,। जाओ पयडीओ वेदयदि तासु पयदं, अवेदएसु अव्ववहारो। एदेण अट्ठपदेण आउअ-वेदणिज्जाणं जहण्णियाए ट्ठिदीए णाणाजीवा वेदया णियमा अत्थि। सेसाणं कम्माणं जहण्णट्ठिदीए सिया सव्वे जीवा अवेदया, सिया अवेदया च वेदओ च, सिया अवेदया च वेदया च। एवं तिण्णिभंगा। अजहण्णियाए✽ ट्ठिदीए वेदयाणं तव्विवरीएण तिण्णिभंगा वत्तव्वा।

णाणाजीवेहि कालो-आउअ-वेदणिज्जाणं जहण्णट्ठिदिवेदया केवचिरं०? सव्वद्धा। णामा-गोदाणं जहण्णट्ठिदिवेदया केवचिरं०? णाणाजीवे पडुच्च जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। सेसाणं कम्माणं जहण्णट्ठिदिवेदया जह० आवलि०उवसामगं पडुच्च मोहणीयस्स एगसमओ वा, उक्क० अंतोमुहुत्तं। अट्ठण्णं पि कम्माणं अजहण्णट्ठिदिवेदयाणं णाणा-

---

से अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र होता है।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और संनिकर्ष; इन कथन अनुयोगद्वारोंका जैसे उत्कृष्ट स्थितिउदीरणामें किया गया है वैसे ही उत्कृष्ट स्थितिउदयमें भी करना चाहिये। इन्हींका कथन जघन्य स्थितिउदयमें किया जाता है। यथापहिले भंगविचयमें अर्थपद बतलाते हैं। जो जीव जघन्य स्थितिका वेदक होता है वह अजघन्य स्थितिका नियमसे अवेदक होता है, जो अजघन्य स्थितिका वेदक होता है वह जघन्य स्थितिका नियमसे अवेदक होता है। जिन प्रकृतियोंका वेदन करता है वे प्रकृत हैं, अवेदकोंमें व्यवहार नहीं है। इस अर्थपदके अनुसार आयु और वेदनीयकी जघन्य स्थितिके वेदक नाना जीव नियमसे हैं। शेष कर्मोंकी जघन्य स्थितिके कदाचित् सब जीव अवेदक, कदाचित् बहुत अवेदक व एक वेदक, तथा कदाचित् अवेदक भी बहुत और वेदक भी बहुत; इस प्रकार तीन भंग हैं। इनकी अजघन्य स्थितिके वेदकोंके तीन भंग पूर्वोक्त भंगोंकी अपेक्षा विपरीत (कदाचित् सब जीव वेदक, कदाचित् बहुत वेदक व एक अवेदक, तथा कदाचित् बहुत वेदक और बहुत अवेदक भी) क्रमसे कहने चाहिये।

नाना जीवोंकी अपेक्षा काल—आयु और वेदनीयकी जघन्य स्थितिके वेदक कितने काल रहते हैं? सर्वकाल रहते हैं। नाम व गोत्र कर्मोंकी जघन्य स्थितिके वेदक कितने काल रहते हैं? वे नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त काल तक रहते हैं शेष कर्मोंकी जघन्य स्थितिके वेदक जघन्यसे आवली मात्र, अथवा उपशामककी अपेक्षा मोहनीयकी उक्त स्थितिके वेदक जघन्यसे एक समय तथा उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र रहते हैं। आठों ही कर्मों सम्बन्धी

✿ अ-काप्रत्योः 'उदीरणा' इति पाठः।   ✽ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'च तिण्णिभंगा अजहण्णियाए' इति पाठः।

जीवे पडुच्च सव्वद्धं ।

णाणाजीवेहि अंतरं– आउअ-वेदणिज्जाणं जहण्णट्ठिदिवेदयाणं✡ णत्थि अंतरं। सेसाणं कम्माणं जहण्णट्ठिदिवेदगंतरं❀ जह० एगसमओ, उक्क० छम्मासा ।

सण्णियासो । तं जहा– णाणावरणस्स जहण्णट्ठिदिवेदओ मोहणीयस्स अवेदओ, णामा-गोदाणं णियमा अजहण्णट्ठिदिवेदओ, ✲जहण्णादो अजहण्णा असंखेज्जगुणब्भहिया। सेसाणं कम्माणं णियमा जहण्णट्ठिदिवेदओ। दंसणावरणंतराइयाणं णाणावरण-भंगो। वेदणीयस्स जहण्णट्ठिदिवेदओ चदुण्णं घादिकम्माणं सिया वेदओ सिया णोवे-दओ। जदि वेदओ सिया जहण्णं सिया अजहण्णं वेदेदि। जदि अजहण्णं दुगुणमादिं कादूण णिरंतरं जाव असंखे० गुणं वेदेदि। आउअस्स णियमा जहण्णं वेदेदि। णामा-गोदा जहण्णमजहण्णं वा वेदेदि। जदि अजहण्णं णियमा असंखे० गुणं वेदेदि। जहा वेयणीयं घाइकम्मेहि सण्णिकासिदं तहा आउअं पि घाइकम्मेहि सण्णिकासियव्वं।

आउअस्स जहण्णट्ठिदिवेदओ णामा-गोद♣-वेदणिज्जाणं जहण्णट्ठिदिमजहण्णट्ठिदिं वा वेदेदि। जदि अजहण्णं णियमा असंखे० गुणं। णामा-गोदाणं जहण्णट्ठिदिवेदओ

अजघन्य स्थितिके वेदकोंका काल नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वकाल है।

नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर– आयु और वेदनीयकी जघन्य स्थितिके वेदकोंका अन्तर नहीं होता। शेष कर्मोंकी जघन्य स्थितिके वेदकोंका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे छह मास प्रमाण होता है।

अब संनिकर्षकी प्ररूपणा की जाती है। यथा– ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिका वेदक मोहनीयका अवेदक तथा नाम व गोत्रकी नियमसे अजघन्य स्थितिका वेदक होता है। जघन्यकी अपेक्षा वह अजघन्य स्थिति असंख्यातगुणी अधिक है। वह शेष कर्मोंकी नियमसे जघन्य स्थितिका वेदक होता है। दर्शनावरण और अन्तरायके संनिकर्षकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। वेदनीयकी जघन्य स्थितिका वेदक चार घाति कर्मोंका कदाचित् वेदक और कदाचित् नोवेदक होता है। यदि वह वेदक होता है तो कदाचित् जघन्य और कदाचित् अजघन्य स्थितिका वेदन करता है। यदि वह अजघन्य स्थितिका वेदन करता है तो दुगुणी स्थितिको आदि करके निरन्तर असंख्यातगुणी तकका वेदन करता है। वह आयु कर्मकी नियमसे जघन्य स्थितिका वेदन करता है, नाम व गोत्रकी जघन्य अथवा अजघन्यका वेदन करता है। यदि वह अजघन्यका वेदन करता है तो नियमसे असंख्यातगुणीका वेदन करता है। जिस प्रकार घातिया कर्मोंके साथ वेदनीयका संनिकर्ष बतलाया गया है उसी प्रकारसे घातिया कर्मोंके साथ आयुका भी संनिकर्ष बतलाना चाहिये।

आयु कर्मकी जघन्य स्थितिका वेदक जीव नाम, गोत्र और वेदनीयकी जघन्य स्थिति अथवा अजघन्य स्थितिका वेदन करता है। यदि वह अजघन्य स्थितिका वेदन करता है तो नियमसे

✡ प्रतिषु 'वेदणीयाणं' इति पाठः। ❀ अप्रतौ 'वेदगंतं', काप्रतौ 'वेदगं', ताप्रतौ 'वेदगत्तं' इति पाठः। ✲ अ-का-ताप्रतिषु 'जहण्णादो अजहण्णा असंखेज्जगुणब्भहिया। सेसाणं कम्माणं णियमा जहण्णट्ठिदिवेदओ' इत्ययं पाठो नास्ति, मप्रतितोऽत्र योजितः सः। ♣ अप्रतौ 'गोदाणं' इति पाठः।

आउअ-वेदणिज्जाणं णियमा जहण्णट्ठिदिं वेदेदि। सेसाणमवेदगो। मोहणिज्जस्स जहण्णट्ठिदिवेदओ आउअ-वेदणिज्जाणं णियमा जहण्णट्ठिदिवेदगो। सेसाणं कम्माणं णियमा अजहण्णं असंखेज्जगुणं वेदगो। एवं सण्णियासो समत्तो।

एत्तो अप्पाबहुअं। तं जहा– जहा उक्कस्सट्ठिदिउदीरणाए अप्पाबहुअं कदं तहा उक्कस्सट्ठिदउदीए कायव्वं। जहण्णट्ठिदिउदए अप्पाबहुअं। तं जहा– अट्ठण्णं पि कम्माणं जहण्णट्ठिदिउदओ तत्तियो* चेव। एवं अप्पाबहुअं गदं। जहा ट्ठिदिउदीरणाए भुजगारो पदणिक्खेवो वड्ढी च कदा तहा एत्थ वि ट्ठिदिउदए कायव्वा। एवं मूलपयडिट्ठिदिउदओ समत्तो।

एत्तो उत्तरपयडिट्ठिदिउदओ– तत्थ अट्ठपदं पुव्वं व कायव्वं। जहा उक्कस्सट्ठिदि-उदीरणाए पमाणाणुगमो कदो तहा उक्कस्सट्ठिदिउदए वि पमाणाणुगमो कायव्वो। णवरि उदयट्ठिदीए अब्भहियं। जहण्णट्ठिदिउदयपमाणाणुगमं वत्तइस्सामो। तं जहा– पंचणाणावरणीय-चदुदंसणावरणीय-सादासादवेदणीय-लोभसंजलण-तिण्णिवेद-सम्मत्त-मिच्छत्त-आउचदुक्क--मणुसगइ-पंचिंदियजादि–तस-बादर-पज्जत्त–जसकित्ति–सुभगा-देज्ज-तित्थयर-उच्चागोद-पंचंतराइयाणं जहण्णट्ठिदिउदओ एगा ट्ठिदी एगसमयकालो।

असंख्यातगुणीका वेदन करता है। नाम व गोत्रकी जघन्य स्थितिका वेदक जीव आयु और वेदनीयकी नियमसे जघन्य स्थितिका वेदन करता है, शेष कर्मोंका वह अवेदक है। मोहनीयकी जघन्य स्थितिका वेदक जीव आयु और वेदनीयकी नियमसे जघन्य स्थितिका वेदक तथा शेष कर्मोंकी नियमसे असंख्यातगुणी अजघन्य स्थितिका वेदक होता है। इस प्रकार संनिकर्ष समाप्त हुआ।

यहां अल्पबहुत्वका कथन करते हैं। यथा– जैसे उत्कृष्ट स्थितिउदीरणामें अल्पबहुत्व किया गया है वैसे ही उत्कृष्ट स्थितिउदयमें भी उसे करना चाहिये। जघन्य स्थितिउदयमें अल्पबहुत्वका कथन करते हैं। यथा– आठों ही कर्मोंकी जघन्य स्थितिका उदय उतना ही है अर्थात् समान है। इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिका कथन जैसे स्थितिउदीरणामें किया गया है वैसे ही यहां स्थितिउदयमें भी करना चाहिये। इस प्रकार मूलप्रकृतिस्थितिउदय समाप्त हुआ।

यहां उत्तरप्रकृतिस्थितिउदयकी प्ररूपणा की जाती है– उसमें अर्थपद पहिलेके ही समान करना चाहिये। जैसे उत्कृष्ट स्थितिउदीरणामें प्रमाणानुगम किया गया है वैसे ही उत्कृष्ट स्थिति-उदयमें भी प्रमाणानुगम करना चाहिये। विशेष इतना है कि उदयस्थितिमें अधिक है। जघन्य स्थितिके उदयका प्रमाणानुगम कहते हैं। वह इस प्रकार है–पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, साता-वेदनीय, असातावेदनीय, संज्वलनलोभ, तीन वेद, सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, चार आयु कर्म, मनुष्य-गति, पंचेन्द्रियजाति, त्रस, बादर, पर्याप्त, यशकीर्ति, सुभग, आदेय, तीर्थंकर, उच्चगोत्र ओर पांच अन्तराय; इनकी जघन्य स्थितिका उदय एक समय कालवाली एक स्थिति मात्र है। संज्वलनक्रोध,

---

* अ-काप्रत्योः 'तत्तिया' इति पाठः।

कोह-माण-मायासंजलणाणं जहण्णट्ठिदिउदओ दोण्णिट्ठिदीओ। जट्ठिदिउदओ आवलिया समयाहिया। सेसाणं कम्माणं जहा जहण्णट्ठिदिउदीरणाए पमाणाणुगमो कदो तहा जहण्णट्ठिदिउदए वि कायव्वो। एवमद्धाछेदो समत्तो।

एत्तो सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो अप्पाबहुअं चेदि एदाणि अणुओगद्दाराणि जहा उक्कस्सट्ठिदिउदीरणाए कदाणि तहा उक्कस्सट्ठिदिउदए वि कायव्वाणि। जहण्णट्ठिदिउदीरणादो जं किंचि णाणत्तं पि सामित्तादो साधेदूण कायव्वं। भुजगार-पदणिक्खेव-वड्ढिउदओ च जहा ट्ठिदिउदीरणाए कदो तहा ट्ठिदिउदए वि कायव्वो। एवं ट्ठिदिउदओ समत्तो।

एत्तो अणुभागउदओ दुविहो मूलपयडिउदओ उत्तरपयडिउदओ चेदि। तत्थ मूलपयडिअणुभागउदए चउव्वीस अणुयोगद्दाराणि परूविय पुणो भुजगार-पदणिक्खेव-वड्ढीसु परूविदासु मूलपयडिउदओ समत्तो भवदि। एत्तो उत्तरपयडिअणुभागुदए तत्थ पमाणाणुगमो जहा अणुभागुदीरणाए परूविदो तहा एत्थ वि परूवेयव्वो। पच्चय-परूवणा ठाणपरूवणा सुहासुहपरूवणा त्ति एदेहि अणुयोगद्दारेहि अणुभागपरूवणं काऊण तदो सामित्तं जहा अणुभागउदीरणाए कदं तहा कायव्वं। णवरि जहण्णसामित्त णाणत्तं वत्तइस्सामो। तं जहा- पंचणाणावरणीय-चत्तारिदंसणावरणीय-सम्मत्त-

---

मान और मायाकी जघन्य स्थितिका उदय दो स्थिति मात्र होता है। जस्थितिउदय एक समय अधिक आवली मात्र होता है। शेष कर्मोंके प्रमाणानुगमका कथन जैसे जघन्य स्थितिउदीरणामें किया गया है वैसे ही जघन्य स्थितिउदयमें भी करना चाहिये। इस प्रकार अद्धाछेद समाप्त हुआ।

यहां स्वामित्व, काल, अन्तर नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर, संनिकर्ष और अल्पबहुत्व; इन अनुयोगद्वारोंका कथन जैसे उत्कृष्ट स्थितिउदीरणामें किया गया है वैसेही उत्कृष्ट स्थितिउदयमें भी करना चाहिये। यहां जघन्य स्थितिउदीरणाकी अपेक्षा जो कुछ विशेषता है उसे भी स्वामित्वसे सिद्ध करके कहना चाहिये। भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिउदय जैसे स्थितिउदीरणामें किया गया है वैसे ही उसे स्थितिउदयमें भी करना चाहिये। इस प्रकार स्थितिउदय समाप्त हुआ।

यहां अनुभाग उदय दो प्रकार है- मूलप्रकृतिउदय और उत्तरप्रकृतिउदय। उनमेंसे मूलप्रकृतिअनुभागउदयमें चौबीस अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा करके पश्चात् भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिकी प्ररूपणा कर देनेपर मूलप्रकृतिअनुभागउदय समाप्त हो जाता है। यहां उत्तरप्रकृति-अनुभागउदयमें उनमेंसे प्रमाणानुगमकी प्ररूपणा जैसे अनुभागउदीरणामें की गयी है वैसे ही यहां भी करना चाहिये। प्रत्ययप्ररूपणा, स्थानप्ररूपणा और शुभाशुभप्ररूपणा इन तीन अनुयोग-द्वारोंके द्वारा अनुभागकी प्ररूपणा करके तत्पश्चात् स्वामित्व जैसे अनुभागउदीरणामें किया गया है वैसे ही उसे यहां अनुभागउदयमें भी करना चाहिये। विशेष इतना है कि जघन्य स्वामित्वमें कुछ विशेषता है, उसे कहते हैं। यथा- पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सम्यक्त्व, तीन वेद, संज्वलन-

तिण्णिवेद-लोहसंजलण-पंचअंतराइणं जहण्णओ अणुभागउदओ कस्स ? जो एदेसिं कम्माणं जहण्णअणुभागउदी ओ होदूण तदो आवलियाए अदिक्कंताए सो चेव जहण्णाणुभागवेदओ होदि । एवं जहण्णाणुभागुदीरणासामित्तादो जहण्णाणुभागउदयस्स सामित्तस्स णाणत्तं । एयजीवेण कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो अप्पाबहुअं भुजगारो पदणिक्खेवो वड्ढि त्ति एदेहि अणुयोगद्दारेहि अणुभागउदीरणादो अणुभागउदयस्स णाणत्ताभावादो जहा एदेदि अणियोगद्दारेहि अणुभागउदीरणा परूविदा तहा अणुभागउदओ परूवेयव्वो । एवमणुभागउदओ समत्तो ।

एत्तो पदेसउदओ दुविहो मूलपयडिपदेसउदओ उत्तरपयडिपदेसउदओ चेदि । तत्थ मूलपयडिपदेसउदओ सव्वाणुओणद्दारेहि जाणिऊण परूवेयव्वो । उत्तरपयडिउदए पयदं । सामित्तं जाणावणट्ठं इमाओ एत्थ दस गुणसेडीओ परूवेदव्वाओ । तं जहा--

सम्मत्तुप्पत्तीए सावय विरदे अणंतकम्मंसे ।
दंसणमोहक्खवए कसायउवसामए य उवसंते ॥ १ ॥
खवए य खीणमोहे जिणे य णियमा भवे असंखेज्जा ।
तव्विवरीओ कालो संखेज्जगुणाए सेडीए(१) ॥ २ ॥

एदाहि दोहि गाहाहि दसण्णं गुणसेडीणं परूवणं णिक्खेवं च परूवेदूण तदो

लोभ और पांच अन्तराय, इनका जघन्य अनुभागउदय किसके होता है ? जो जीव इन कर्मोंका जघन्य अनुभागउदीरक होकर तत्पश्चात् एक आवलीको बिताता है वही उक्त आवलीके बीतनेपर उनके जघन्य अनुभागका वेदक होता है। इस प्रकार जघन्य अनुभागउदीरणाके स्वामीकी अपेक्षा जघन्य अनुभागउदयके स्वामीमें विशेषता है । एक जीवकी अपेक्षा काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर, संनिकर्ष, अल्पबहुत्व, भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि; इन अनुयोगद्वारोंमें अनुभागउदीरणाकी अपेक्षा चूंकि अनुभागउदयमें कोई भेद नहीं है, अत एव इन अनुयोगद्वारोंके द्वारा जैसे अनुभागउदीरणाकी प्ररूपणा की गयी है वैसे ही अनुभागउदयकी भी प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार अनुभागउदय समाप्त हुआ ।

यहां प्रदेशउदय दो प्रकारका है–मूलप्रकृतिप्रदेशउदय और उत्तरप्रकृतिप्रदेशउदय । उनमें मूलप्रकृतिप्रदेशउदयकी प्ररूपणा सब अनुयोगद्वारोंके द्वारा जानकर करना चाहिये । उत्तरप्रकृतिउदय प्रकृत है । स्वामित्वके ज्ञापनार्थ यहां इन दस गुणश्रेणियोंकी प्ररूपणा की जाती हैं । यथा–

सम्यक्त्वोत्पत्ति, श्रावक, विरत (संयत), अनन्तकर्मांश (अन्तानुबन्धिविसंयोजक), दर्शनमोहक्षपक, कषायोपशामक, उपशान्तकषाय, क्षपक, क्षीणमाह और जिन; इनके क्रमशः उत्तरोत्तर असंख्यातगुणी निर्जरा होती हैं । किन्तु इस निर्जराका काल संख्यातगुणित श्रेणि रूपसे विपरीत है । जैसे–जिन भगवान्की गुणश्रेणिनिर्जराका जितना काल है उससे क्षीणकषायकी गुणश्रेणिनिर्जराका काल संख्यातगुणा है, इत्यादि ॥ १–२ ॥

इन दो गाथाओंके द्वारा दस गुणश्रेणियोंकी प्ररूपणा और निक्षेपकी प्ररूपणा करके तत्पश्चात् जो

---

(१) ष. ख. पु. १२ पृ. ७८.

जाओ गुणसेडीओ अण्णभवं संकामंति ताओ वत्तइस्सामो । तं जहा— उवसमसम्मत्त-गुणसेडी संजदासंजदगुणसेडी अधापमत्तगुणसेडी एदाओ तिण्णिगुणसेडीओ अप्पसत्थ-मरणेण वि मदस्स परभवे दिस्संति । सेसासु गुणसेडीसु झीणासु अप्पअत्थमरणं भवे ▣ । एत्तो सामित्तं कायव्वं । तं जहा— आभिणिबोहियणाणावरणस्स उक्कस्सपदेसउदओ कस्स ? जो गुणिदकम्मंसिओ मणुस्सो गब्भादिअट्ठवस्सेहि संजमं पडिवण्णो, तत्थ अंतोमुहुत्तमच्छिय सव्वलहुं चरित्तमोहक्खवणाए उवट्ठिदो तस्स चरिमसमयछदुमत्थस्स आभिणिबोहियणाणावरणस्स उक्कस्सओ पदेसउदओ । सुद-मणपज्जव-केवलणाणा-वरणाणं चक्खु-अचक्खु-केवलदंसणावरणाणं च मदिआवरणभंगो । ओहिणाण–ओहि-दंसणाणं पि मदिआवरणभंगो चेव । णवरि जस्स ओहिलंभो णत्थि तस्स उक्कस्सं सामित्तं दादव्वं । णिद्दा-पयलाणं उक्कस्सओ पदेसउदओ कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स उवसंतकसायस्स । थीणगिद्धितियस्स उक्कस्सओ पदेसउदओ कस्स ? दोण्णिगुण-सेडिसीसगगुणिद ✠ कम्मंसियस्स ।

सादासादाणं उक्कस्सपदेसओ कस्स ? गुणिदकम्मंसियस्स चरिमसमयभवसिद्धि-यस्स । मिच्छत्तस्स उक्कस्सओ पदेसउदओ कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स दोगुण-

---

गुणश्रेणियां अन्य भवमें संक्रमणको प्राप्त होती हैं उनको बतलाते हैं । यथा – उपशमसम्यक्त्व गुणश्रेणि, संयतासंयत गुणश्रेणि और अधःप्रमत्त गुणश्रेणि; ये तीन गुणश्रेणियां अप्रशस्त मरणसे भी मृत्युको प्राप्त हुए जीवके परभवमें दिखती हैं । शेष गुणश्रेणियोंके क्षीण होनेपर अप्रशस्त मरण होता है ।

यहां स्वामित्वका कथन करते हैं । यथा– आभिनिबोधिकज्ञानावरणके उत्कृष्ट प्रदेशका उदय किसके है ? जो गुणितकर्मांशिक मनुष्य गर्भसे लेकर आठ वर्षोंमें संयमको प्राप्त हुआ है तथा उस अवस्थामें अन्तर्मुहूर्त रहकर सर्वलघु कालमें चारित्रमोहनीयके क्षपणमें उद्यत हुआ है उस अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थके आभिनिबोधिकज्ञानावरणके उत्कृष्ट प्रदेशका उदय होता है । श्रुतज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण और केवलज्ञानावरण तथा चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण और केवलदर्शनावरणके उत्कृष्ट प्रदेश उदयकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । अवधि-ज्ञानावरण और अवधिदर्शनावरणके भी उत्कृष्ट प्रदेश उदयकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके ही समान है । विशेष इतना है कि जिसके अवधिलब्धि नहीं है उसके उनका उत्कृष्ट स्वामित्व चाहिये । निद्रा और प्रचलाका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है ? वह गुणितकर्मांशिक उपशान्तकषायके होता है । स्त्यानगृद्धि आदि तीनका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है? वह दो गुणश्रेणिशीर्षक गुणितकर्मांशिकके होता है ।

साता और असाता वेदनीयका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है? जो गुणितकर्मांशिक जीव अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिक है उसके उनका उत्कृष्ट प्रदेश उदय होता है । मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है ? वह दो गुणश्रेणिशीर्षवाले गुणितकर्मांशिकके होता है ।

▣ क. प्र. ५, १०. ✠ मप्रतिपाठोऽयम् । अप्रतौ ' सी गुणिद ', काप्रतौ ' सीसयस्स गुणिद ', ताप्रतौ ' सीस (यस्स-) गुणिद ' इति पाठः ।

सेडिसीसयस्स । सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सओ पदेसउदओ कस्स ? गुणिदकम्मंसियस्स उदिण्णसंजमासंजम-संजमगुणसेडिसीसयस्स । सम्मत्तस्स उक्कस्सओ पदेसउदओ कस्स ? गुणिदकम्मंसियस्स चरिमसमयअक्खीणदंसणमोहणीयस्स ।

अणंताणुबंधिचउक्कस्स मिच्छत्तभंगो । अट्ठण्णं पि कसायाणमुक्कस्सओ पदेसउदओ कस्स ? जो कसाय(१)उवसामओ से काले अंतरं काहिदि त्ति मदो देवो जादो तस्स अंतोमुहुत्तमुववण्णस्स जाधे गुणसेडिसीसय(१)मुदिण्णं ताधे उक्कस्सओ उदओ* । हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुंछाणं उक्कस्सओ पदेसउदओ कस्स ? जो कसायउवसामओ से काले अंतरं काहिदि त्ति मदो देवो जादो तस्स जाधे अपच्छिमं गुणसेडिसीसयमुदयमागदं ताधे उक्कस्सओ उदओ । अपज्जत्तपाओग्ग-जहण्णिया हस्स-रदिवेदगद्धा थोवा । जेण कालेण गुणसेडिसीसगमुदयमेदि सो कालो संखेज्जगुणो । उक्कस्सिया हस्स-रदिवेदगद्धा सखेज्जगुणा । एदेण कारणेण जस्स हस्स-रदीणमुक्कस्सओ उदओ तस्स चेव अरदि-सोगाणं पि उक्कस्सओ उदओ कायव्वो । अधवा छण्णमेदासिं हस्सादियाणं उक्कस्सओ पदेसुदओ चरिमसमयअपुव्वकरणखवयस्स । तिण्णं वेदाणं उक्कस्सओ उदओ कस्स ? चरिमसमयउदए वट्टमाणस्स खवयस्स गुणिदकम्मंसियस्स । तिण्णं संजलणाण-**

सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है ? वह संयमासंयम और संयम गुणश्रेणि-शीर्षके उदय युक्त गुणितकर्मांशिकके होता है । सम्यक्त्वका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है? जो अन्तिम समयवर्ती अक्षीणदर्शनमोह है ऐसे गुणितकर्मांशिक जीवके सम्यक्त्वका उत्कृष्ट प्रदेश उदय होता है ।

अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी प्ररूपणा मिथ्यात्वके समान है । आठों ही कषायोंका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है ? जो कषायउपशामक जीव अनन्तर कालमें अन्तरको करेगा, इस स्थितिमें वर्तमान रहकर मरणको प्राप्त होता हुआ देव उत्पन्न हुआ है उसके उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्तमें जब गुणश्रेणिशीर्षक उदीर्ण होता है तब उसके उनका उत्कृष्ट प्रदेश उदय होता है । हास्य, रति, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है ? जो कषायउपशामक जीव अनन्तर कालमें अन्तरको करेगा, इस स्थितिमें मरणको प्राप्त होकर देव उत्पन्न हुआ है उसके जब अन्तिम गुणश्रेणिशीर्षक उदयको प्राप्त होता है तब उसके उनका उत्कृष्ट प्रदेश उदय होता है । हास्य और रतिका अपर्याप्त योग्य जघन्य वेदककाल स्तोक है । जिस कालमें गुणश्रेणिशर्षक उदयको प्राप्त होता है वह संख्यातगुणा है । उत्कृष्ट हास्य-रतिवेदक-काल संख्यातगुणा है । इस कारण जिसके हास्य व रतिका उत्कृष्ट प्रदेश उदय होता है उसके ही अरति और शोकका भी उत्कृष्ट उदय करना चाहिये । अथवा इन हास्यादि छह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेश उदय अन्तिम समयवर्ती अपूर्वकरण क्षपकके होता है । तीन वेदोंका उत्कृष्ट प्रदेश उदय किसके होता है ? वह उदयके अन्तिम समयमें वर्तमान क्षपक गुणितकर्मांशिकके होता है ।

---

(१) अप्रत 'गुणसेडीए सीसय-', का-ताप्रत्योः 'गुणसेडीसीसय-' इति पाठः । * अ-काप्रत्योः 'उक्कस्स-ओदइओ' इति पाठः । ** अप्रतौ 'असखेज्जगुणो' इति पाठः ।

मुक्कस्सओ उदओ कस्स ? सग-सगउदएण खवगसेडिं चडिय सगचरिमोदए वट्टमाणस्स । लोभसंजलणस्स उक्कस्सओ उदओ कस्स ? खवगस्स गुणिदकम्मंसियस्स चरिमसमयसरागस्स ।

